प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 23.03.2025

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ भेड़ एवं बकरी लूट की घटना में वांछित/लूटेरे एवं 10 हजार रूप्ये के पुरूस्कार घोषित अभियुक्त को किया घायल/गिरफ्तार–**

दिनांक 22.03.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री जयप्रकाश भास्कर मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 124/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम में वांछित अभियुक्त गुलफाम पुत्र इमामुद्दीन उर्फ अहमद्दीन उर्फ हसमुद्दीन निवासी ग्राम चिटठा थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर को दौराने पुलिस मुठभेड़ ऐसर पेट्रोल पम्प के पास रठेड़ी जाने वाले रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 धारा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 22.03.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त जाहिद पुत्र यासीन निवासी मौ0 आलमनगर कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को लडवा रोड भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पर मु0अ0सं0 56/2025 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 23.03.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री अंसार उल हक हाशमी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 57/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. सोनू पुत्र रामशरण व 2. कवि पुत्र पहल सिंह निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग अकबरगढ़ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया 01 पांच किलो वॉट स्टेप्लाईजर बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 23.03.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजदीप सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 328/2022 धारा 379 भादवि थाना विसरख जनपद गोतमबुद्वनगर में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. रामचन्दर पुत्र सुखवीर निवासी भिक्की थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर व 2. सुशील पुत्र धर्मवीर निवासी रविदास मंदिर के पास रामपुर तिराहा थाना छपार, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग जौली नहर पुल से खेडी फिरोजाबाद जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 होंडा साईन मोटर साईकिल नम्बर यूपी 12 एसी 8635 बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 99/2025 धारा 317(5) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।